# स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## कार्यालय :- जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा

### -: कार्यालय आदेश :-

जिला आयुष समिति, कोडरमा के अधीनस्थ संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/राजकीय आयुर्वेदिक होमियोपैथिक युनानी एवं संयुक्त औशधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उपकेन्द्र हेतु पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षक रखा जाना है इच्छुक अभियार्थियों से निम्नलिखित शर्त के अधिन विज्ञापन की तिथि से दिनांक 31.05.2025 संध्या 06 बजे तक जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क. | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक आहर्ता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (पुरुष/महिला ) | पुरुष 34<br>महिला 21 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिपलोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड का होना या योग सर्टिफिकेशन बोर्ड/ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड प्रशिक्षक | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू0 250/– देय होगा। |

1. आवेदन हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सभी सूचना भरते हुए संबंधित सभी तरह के प्रमाण पत्रों की स्वाहस्ताक्षरी छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. वांछित विहित आवेदन पत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/राजकीय आर्वेदिक, होमियोपैथिक, युनानी एवं संयुक्त औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र कार्यस्थल चयन हेतु वरीय के आधार पर तीन स्थल चयन अनिवार्य होगा।
3. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (विापन के साथ सूची संलग्न) में योग/अन्य Wellness Activities का पुरुष योग प्रशिक्षक को कम से कम 10 एवं अधिकतम 32 एवं महिला योग प्रशिक्षक का कम से कम 10 एवं अधिकतम 20 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा।
4. प्रत्येक आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र (विज्ञापन के साथ सूची संलग्न) में पुरुष योग प्रशिक्षक को कम से कम अधिकतम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जाएगा।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्गदर्शिका के अनुरूप होगी।
6. स्थलीय प्रमाणित (Certified) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। कोडरमा जिला के स्थानीय अथ्यार्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. यदि एक से अधिक अभ्यार्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
8. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष राजकीय आयुष औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र के 5–10 किलोमीटर परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. योग/अन्य Wellness Activities के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जायेगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नहीं होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कूल, पंचायत भवन, आँगनवाडी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
10. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यार्थी पात्रता/मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
11. उमिदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा, अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते हैं तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी।
12. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष/राजकीय आयुष औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र की सूची एवं आवेदन हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय सूचनापट एवं NIC Koderma Portal https://koderma.nic.in पर उपलब्ध है।
13. प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा (स्कूटनी) के पश्चात् साक्षात्कार की तिथि प्रकाशित की जायेगी।
14. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संसोधन/आवश्यक्तानुसार रद्द करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 353445 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D